# साहित्य अकादेमी के पूर्व सचिव इंद्रनाथ चौधुरी का निधन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 नवंबर।

लेखक, संपादक, अनुवादक और साहित्य अकादेमी के पूर्व सचिव इंद्रनाथ चौधुरी का सोमवार को निधन हो गया। साहित्य अकादेमी के सचिव और लंदन में नेहरू केंद्र के निदेशक के रूप में उनके कार्यकाल ने उन्हें सांस्कृतिक प्रशासक के रूप में पहचान दिलाई। द्विभाषी लेखक के रूप में उन्होंने साहित्य और धर्म सहित संस्कृति के कई पहलुओं पर व्यापक रूप से लिखा, अहम पुस्तकों का अनुवाद किया और कई प्रतिष्ठित संकलनों का संपादन भी किया। भारतीय साहित्य के मौलिक विश्वकोश को लाने, संशोधित करने और प्रकाशित करने के लिए उन्हें याद किया जाता रहेगा। साहित्य अकादेमी ने कहा कि चौधुरी ने भले ही अपनी नश्वर देह त्याग दी हो, लेकिन अपनी अनगिनत रचनाओं के माध्यम से वे लाखों लोगों के दिलों और यादों में जिंदा रहेंगे।